दिन–शनिवार दिनांक– 21/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

आज ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित मुख्य आयोजन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री के साथ तीन लाख से अधिक प्रतिभागियों ने इस योग सत्र में भाग लिया। इनमें भारतीय नौसेना के ग्यारह हजार कर्मी भी शामिल थे। योग सत्र विशाखापत्तनम के आर. के. बीच से भोगपुरम तक लगभग छब्बीस किलोमीटर के दायरे में आयोजित हुआ। इस आयोजन से नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनने की आशा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया के सभी लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने योग को वैश्विक आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग पूरी दुनिया को जोड़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने मोटापे की चुनौती से निपटने के लिए लोगों से योग अपनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने दुनियाभर के लोगों से एक बार फिर अपने भोजन में खाद्य तेल में दस प्रतिशत तक की कमी लाने का आह्वान किया।

———————————————————————————

प्रदेश में योग दिवस पर कई कार्यक्रम और योग सत्रों का आयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के नेतृत्व में राजभवन परिसर में कर्मियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर विश्व योग दिवस को यादगार बनाया। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने पटना सिटी में आयोजित शिविर में भाग लिया। इधर, आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित, पाटलिपुत्र खेल परिसर में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। यहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में भी योगाभ्यास सत्र–योग संगम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों और छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय में इस अवसर पर योगाभ्यास के विशेष सत्र आयोजित किये गये। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिला मुख्यालयों के साथ–साथ पंचायतों और स्थानीय निकायों में भी योग शिविर का आयोजन किया गया है। मधुबनी जिले में सशस्त्र सीमा बल जयनगर और भारत–नेपाल सीमा पर स्थित समस्त चौकियों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, अररिया, जहानाबाद, कैमूर, बांका, भागलपुर, खगड़िया, नवादा, रोहतास, मधेपुरा, गया समेत सभी जिलों में योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों समेत अन्य लोगों ने भाग लिया। इधर, निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशभर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में योग सत्र में भाग लिया।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मानसून की सक्रियता से अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गया, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, किशनगंज, अररिया, पूर्णियां समेत कई जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानूमान में कहा है कि आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया, भागलपुर, बांका और कटिहार जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के बीच सारण, वैशाली, पटना, भोजपुर, जहानाबाद, गया, नवादा, लखीसराय और मुंगेर जिलों में एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और आंधी–पानी का अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

रोहतास पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेदा और बनरसिया में छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का उदभेदन किया है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————————

शेखपूरा पुलिस ने हथियावां थाना क्षेत्र के औंधे गांव से दुष्कर्म के मामले में बीस वर्षों से फरार अपराधी धर्मेन्द्र मांझी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, पुलिस ने जिले के महुली थाना क्षेत्र से शराब पार्टी कर रहे सोहदी के टोला सेवक समेत पांच लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

समाप्त